**Fourteenth Loksabha**

**Session : 9**
**Date : 14-12-2006**

**Participants :**

>

Title: Alleged misrepresentation of facts by foreign companies regarding their products.

*m01

**श्री हंसराज जी. अहीर (चन्द्रपुर):** माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सभागृह में एक महत्वपूर्ण विाय को रखना चाहता हूं। देश में कुछ ऐसी कम्पनियां हैं, जो अपने उत्पाद को जनता की भावुकता का और अज्ञान का लाभ उठाकर उत्पादन की लागत से कई गुना अधिक मूल्य पर बाजार में बेचने हेतु विज्ञापनों द्वारा खोखले दावे पेश कर अपने एजेण्ट, फार्मेसी सैण्टर्स तथा कुछ डॉक्टर्स इत्यादि के सहारे लगी हैं।

जॉन्सन एण्ड जॉन्सन नामक कम्पनी अपने उत्पादन में सोप, ऑयल, बेबी पाउडर, टैलकम पाउडर, शैम्पू आदि बनाती है। नवजात शिशु की त्वचा को साफ, मुलायम करने हेतु जॉन्सन बेबी सोप, बेबी पाउडर आदि सरेआम बाजार में झूठे विज्ञापन देकर बेचे जाते हैं, जिनमें कहा जाता है कि बच्चों के सिर में बाल उगाने हेतु जॉन्सन ऑयल लगाइये, ऐसे ही नहलाने के लिए जॉन्सन शैम्पू लगाइये, वह उसकी आंखों को दुप्रभाव से बचाएगा इत्यादि, बहुत सी बातें विज्ञापनों में दिखाकर सामान्य ग्राहकों को फुसलाकर जो 15 रुपये की सोप होती है, उसे 40-45 रुपये में, जो ऑयल की बॉटल 10 रुपये की होती है, उसे 35-40 रुपये में बेचा जाता है। पाउडर और शैम्पू इत्यादि भी दुगने चौगुने दाम पर बेचने का अभियान चलाकर, बड़े-बड़े विज्ञापन देने वाली ये कम्पनियां सामान्य जनता, गरीब परिवारों को, कुछ मैटरनिटी हॉस्पिटल्स, कुछ डॉक्टर्स, दवाई की दुकानों का सहारा लेकर लूटती हैं।

मैं जॉन्सन एण्ड जॉन्सन कम्पनी के इन सारे उत्पादों की लागत व बिक्री के अन्तर की जांच हेतु तथा विज्ञापनों की सत्यता जानने हेतु, जो जनता को, बालकों के अभिभावकों की भावनाओं का लाभ उठाकर लूट मचाती है, इसकी सी.बी.आई. द्वारा जांच कराने और जॉन्सन एण्ड जॉन्सन कम्पनी की लूट तुरन्त रोकने हेतु सरकार से निवेदन करता हूं कि इस पर पहल करे।

-

-